उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 3459 /28(2026)/अधियाचन(विज्ञान)/2026–27 दिनांकः 06/नवम्बर/2026

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग के विज्ञापन संख्या 04/2026 सहायक आचार्य (Assistant Professor) का विज्ञापन दिनांक 08 सितम्बर, 2026 को प्रकाशित किया गया था। प्रश्नगत विज्ञापन की परीक्षा दिनांक 19 व 20 नवम्बर, 2026 को प्रदेश के 06 मण्डल मुख्यालयों **(आगरा, मेरठ, गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज एवं वाराणसी)** पर दो–दो पालियों (पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक) में आयोजित की जायेगी।

तद्नुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट https://upessc.up.gov पर दिनांक 08 नवम्बर, 2026 से जारी कर दिया जायेगा। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि यह परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नहीं है। प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 15 नवम्बर, 2026 से डाउनलोड किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को वैध प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

06.11.26

उपसचिव